# पर्यटन अध्ययन

## बीटीएस
## प्रथम वर्ष

## सत्रीय कार्य पुस्तिका
## (2022)

## टीएस–1,टीएस–2 और बीटीएमएस–185

पर्यटन एवं आतिथ्य सेवा प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

# बीटीएस सत्रीय कार्य

## पर्यटन अध्ययन सत्रीय कार्य

प्रिय विद्यार्थी,

आपको पर्यटन अध्ययन के प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक अध्यापक जांच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करना है।

सत्रीय कार्य को करने से पहले कृपया पर्यटन अध्ययन की कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। हम आपको टीएस–1, टीएस–2 और बीटीएमएस–185 के सत्रीय कार्य भेज रहे हैं।

नोटः **सभी सत्रीय कार्यों को समय पर अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें। अपने सत्रीय कार्य के मुख पृष्ठ पर अपनी नामांकन सं., नाम, पता, सत्रीय कार्य कोड एवं अध्ययन केंद्र कोड लिखें।**

**जमा कराए गए सत्रीय कार्य के बदले में अपने अध्ययन केंद्र से उसकी रसीद प्राप्त कर लें। यदि संभव हो तो सत्रीय कार्य की एक प्रति अपने पास रखें।**

मूल्यांकन के बाद, अध्ययन केंद्र द्वारा आपको सत्रीय कार्य वापस भेजा जाना अपेक्षित है। कृपया इसके लिए अनुरोध करें और रिकॉर्ड के रूप में इसे अपने पास रखें। अध्ययन केंद्र सत्रीय कार्यों के अंकों को विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजता है।

### सत्रीय कार्य करने के लिए निर्देश

हम आपसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों के बीच देने अथवा जैसा सत्रीय कार्य में उल्लेख किया गया है, के अनुसार देने की आशा करते हैं। निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखना आपके लिए उपयोगी होगाः

1) **योजना बनानाः** सत्रीय कार्यों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। उन इकाइयों का अध्ययन करें जिन पर ये सत्रीय कार्य आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ बातें नोट कर लें और तत्पश्चात उन्हें तर्कसंगत क्रम से व्यवस्थित करें।

2) **संगठनः** अपने उत्तरों की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले उनके चयन और विश्लेषण पर थोड़ा अधिक ध्यान दें। निबंध जैसे किसी प्रश्न का उत्तर देते समय प्रस्तावना और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दें। यह सुनिश्चित करें किः
   - क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है।
   - ख) उत्तर के वाक्यों और अनुच्छेदों/पैराग्राफों के बीच स्पष्ट संबंध है।
   - ग) आपने अपनी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति को उपयुक्त महत्व देते हुए उत्तर सही–सही लिखा है।

3) **प्रस्तुतिः** जब आपको अपने उत्तर संतोषजनक लगें तो आप उन्हें भेजने के लिए अंतिम रूप देकर लिख लें। प्रत्येक उत्तर स्पष्ट रूप से लिखें और जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित करें।

शुभकामनाओं सहित,

डॉ.अरविन्द कुमार दुबे
कार्यक्रम संयोजक, बीटीएस

### सत्रीय कार्य जमा कराने की अनुसूची

| अनिवार्य पाठ्यक्रम | जनवरी 22 सत्र के लिए अंतिम तिथि | जुलाई 22 सत्र के लिए अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| टीएस–1 | अप्रैल 15, 2022 | अक्तूबर 15, 2022 |
| टीएस–2 | अक्तूबर 15, 2022 | अप्रैल 15, 2023 |

| अनिवार्य पाठ्यक्रम | जुलाई 21 सत्र के लिए अंतिम तिथि | जनवरी 22 सत्र के लिए अंतिम तिथि | जुलाई 22 |
|---|---|---|---|
| बीटीएमएस–185 **(BTMS-185)** | अप्रैल 15, 2022 | अप्रैल 15, 2022 | अक्तूबर 15, 2022 |

## टीएस –1 : पर्यटन में आधार पाठ्यक्रम
## (अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)

**पाठ्यक्रम कोड : टीएस–1** | **कार्यक्रम : बीटीएस**
**कुल अंक : 100** | **सत्रीय कार्य कोड : टीएस–1/टीएमए/2022**

---

**नोट : इस टीएमए में दस प्रश्न हैं, जिनमें से आपको किन्हीं पाँच प्रश्नों को हल करना है। प्रत्येक प्रश्न के 20 अंक हैं और प्रत्येक का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दिया जाना चाहिए। अपना टीएमए अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को भेजें।**

---

प्रश्न 1 विकासशील अर्थव्यवस्था के संदर्भ में पर्यटन के आर्थिक प्रभावों की चर्चा कीजिए। भारत की पर्यटन अर्थव्यवस्था पर कोविड–19 के प्रभाव पर एक संक्षिप्त टिप्पड़ी लिखिए। 20

प्रश्न 2 बुनियादी ढांचा और पर्यटन के बीच संबंधों की सविस्तार व्याख्या करें। उपयुक्त उदाहरणों के साथ अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए। 20

प्रश्न 3 मंचीय कलाओं से आप क्या समझते हैं? पर्यटन स्थलों के विकास में मंचीय कलाओं की भूमिका की विवेचना कीजिए 20

प्रश्न 4 एक सफल पर्यटन उत्पाद के रूप में प्रसिद्ध बौद्ध–सर्किट के साथ–साथ,,एक धर्म के रूप में बौद्ध धर्म की चर्चा करें। 20

प्रश्न 5 एक पर्यटन उद्यमी के लिए मानचित्रों और चार्टों की जरूरत का विस्तार से वर्णन करें। भारत में मानचित्र–निर्माण के इतिहास में सल्वा सूत्र और अर्थशास्त्र के महत्व की चर्चा कीजिए। 20

प्रश्न 6 पर्यटन उद्योग में सूचना का क्या महत्व है? प्रासंगिक सूचनाएं एकत्र करने के लिए पर्यटन पेशेवरों द्वारा उपयोग किए जाने वाले विभिन्न स्रोतों के बारे मे क्या जानते हैं? 20

प्रश्न 7 एक गाइड और एक एस्कॉर्ट के बीच अंतर स्पष्ट करें। 20

प्रश्न 8 निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए: 10X2=20

क) पर्यटन में गुणक प्रभाव

ख) सिख धर्म से संबंधित पांच प्रमुख पर्यटक आकर्षण

ग) पर्यटन के लिए खतरे और बाधाएं

प्रश्न 9 पर्यटक आवास के विभिन्न प्रकार कौन कौन से हैं ? आवास के AirBnB मॉडल की संक्षेप में चर्चा करें। 20

प्रश्न 10 भारत में पर्यटन के ऐतिहासिक मूल्यांकन और विकास की चर्चा कीजिए। 20

## टीएस –2 : पर्यटन विकास : उत्पाद, संचालन और स्थिति अध्ययन
## (अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)

**पाठ्यक्रम कोड : टीएस–2** | **कार्यक्रम : बीटीएस**
**कुल अंक : 100** | **सत्रीय कार्य कोड : टीएस–2/टीएमए/2022**

---

**नोट : इस टीएमए में दस प्रश्न हैं, जिनमें से आपको किन्हीं पाँच प्रश्नों को हल करना है। प्रत्येक प्रश्न के 20 अंक हैं और प्रत्येक का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दिया जाना चाहिए। अपना टीएमए अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को भेजें।**

---

प्रश्न 1 विश्व पर्यटन प्रवृत्तियाँ का ज्ञान पर्यटन विकास में किस प्रकार सहायता करता है? 20

प्रश्न 2 शहर का भ्रमण करते समय अनुरक्षकों और पर्यटकों के सामने आने वाली समस्याओं की चर्चा कीजिए। 20

प्रश्न 3 ''पथ खोजक'' क्या है? शेरपा पथ–प्रदर्शक के रूप में कैसे विकसित हुआ? 20

प्रश्न 4 स्थानीय रीति–रिवाज कैसे आगंतुकों के अनुभव का अधिक यादगार बनाने में मदद कर सकते हैं? उपयुक्त उदाहरण दीजिए। 20

प्रश्न 5 यात्रा और पर्यटन के क्षेत्र में मेले और त्योहारों का क्या महत्व हैं? स्थानीय मेलों को पर्यटक आकर्षण के रूप में विकसित करने में सावधानी बरतना क्यों महत्वपूर्ण हैं? 20

प्रश्न 6 साहसिक कार्य, खेलकूद और पर्यटन के बीच संबंधों की विवेचना कीजिए। 20

प्रश्न 7 त्योहारों को पर्यटन प्रोत्साहन से कैसे जोड़ा जा सकता हैं? उपयुक्त उदाहरण देकर चर्चा कीजिए। 20

प्रश्न 8 पैलेस ऑन व्हील्स पर एक निबंध लिखिए। 20

प्रश्न 9 संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये : 10X2=20

क) रेलवे पैकेज टूर्स
ख) पाटा ट्रैवल मार्ट

प्रश्न 10 संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये : 10X2=20

क) यूरोपीय पर्यटक बाजार
ख) राजमार्ग पर्यटन

**बीटीएमएस –185 : एयरपोर्ट हैंडलिंग**
**(अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)**

**पाठ्यक्रम कोड : बीटीएमएस –185** — **कार्यक्रम : बीटीएमएस**
**कुल अंक : 100** — **सत्रीय कार्य कोड : बीटीएमएस–185/टीएमए/2022**

---

**नोट : इस टीएमए में दस प्रश्न हैं, जिनमें से आपको किन्हीं पाँच प्रश्नों को हल करना है। प्रत्येक प्रश्न के 20 अंक हैं और प्रत्येक का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दिया जाना चाहिए। अपना टीएमए अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को भेजें।**

---

प्रश्न 1 एक हवाई अड्डे में बचाव और सुरक्षा की प्रक्रिया और मुद्दों की व्याख्या करें। 20

प्रश्न 2 पर्यटन में भूगोल के महत्व की चर्चा कीजिए। भूगोल और आई.ए.टी.ए. (IATA) भूगोल के बीच अंतर भी स्पष्ट करें। 20

प्रश्न 3 आई.सी.ए.ओ. (ICAO) के उद्देश्य और कार्य क्या हैं? 20

प्रश्न 4 निम्नलिखित शहरों में समय की गणना करें जब 10 फरवरी 2022 को नई दिल्ली, भारत में 1500 बजे हैं : 4X5=20

क) ढाका, बांग्लादेश
ख) होनोलूलू, हवाई द्वीप, यूएसए
ग) जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका
घ) टोक्यों, जापान
च) म्यूनिख, जर्मनी

प्रश्न 5 निम्नलिखित में अंतर कीजिए : 4X5=20

क) नागरिक और सैन्य हवाई अड्डे
ख) ग्रीनविच माध्य समय और अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा
ग) उत्तरी और दक्षिणी गोलार्ध
घ) प्रकाशित और अप्रकाशित हवाई किराया
च) पासपोर्ट और वीजा (VISA)

प्रश्न 6 किराया निर्माण (Fare Construction) में चरणों की चर्चा कीजिए। 20

प्रश्न 7 हवाई अड्डे में एयरलाइन प्रबंधन के कार्य और जिम्मेंदारियां क्या हैं? 20

प्रश्न 8 वैश्विक वितरण प्रणाली GDS से आप क्या समझते हैं? पर्यटन उद्योग में इसका क्या अनुप्रयोग हैं? 20

प्रश्न 9 'आधुनिक हवाइ अड्डे शहरों जैसे हैं। इस कथन पर टिप्पणी कीजिए और उपयुक्त उदाहरणों के साथ अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए। 20

प्रश्न 10 निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 10X2=20

क) पर्यटन उद्योग में हवाई अड्डे का महत्व
ख) वायु की स्वतंत्रता (Freedom of Air)
ग) आरोहण की उतरना (Embarkation and Disembarkation)